हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 29 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 28 .0 डिग्री से.

10 टेबल टेनिस प्रतियोगिता में इंडस का शानदार...



10 जींदः व्यक्ति को कभी भी नशे का सहारा नहीं लेना...



## खबर संक्षेप

### ट्रैक पर मिला अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव

**जींद।** रेलवे स्टेशन नरवाना के निकट ट्रैक पर एक अधेड़ व्यक्ति का शव शव बरामद हुआ है। शव की सूचना मिलने पर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के पास ऐसा कुछ नही मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। रेलवे चौकी इंचार्ज गुरमेल सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष है। मृतक ने सफेद टीशर्ट, काली पेंट और दाहिने हाथ पर लाल धागा बंधा है।

### युवक पर तेजधार हथियार से हमला

**जींद।** गांव बेलरखां के नहर पुल पर हमला कर युवक को घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने छह युवकों नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मोहलखेड़ा निवासी सचिन ने शिकायत में बताया कि वह दोस्तों के साथ गांव बेलरखां नहर पुल पर खड़ा हुआ था। उसी दौरान नरवाना निवासी अंकित व उसके दोस्तों ने उस पर हमला कर दिया।

### गांव थुआ में मारपीट करने पर चार नामजद

**जींद।** थुआ में कहासुनी के चलते हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर अलेवा थाना पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थुआ निवासी अनूप ने शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही अशोक से कहासुनी हो गई थी। जिस पर अशोक तथा परिजनों ने उस हमला कर दिया। जिसमें उसे चोटें आई। अलेवा थाना पुलिस ने अनूप की शिकायत पर अशोक, राहुल, अंकित, रोहित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, मामला दर्ज

**जींद।** बत्तख चौक के निकट से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि गत 27 जुलाई को वह ड्यूटी पर गया हुआ था। दोपहर को उसकी मां ने बताया कि उसकी पत्नी घर पर नही है। फोन स्विच ऑफ आ रहा है। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करवाएं

**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कैथल के उप निदेशक रविंद्र हुड्डा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ-2026 सीजन के लिए फसलों का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। हरियाणा सरकार द्वारा जिला कैथल में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अधिसूचित किया गया है। योजना के अंतर्गत धान, बाजरा, मक्का, कपास एवं मूंग फसलों को शामिल किया गया है।

## शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

# कपड़े की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

## फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पहुंचकर आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

घंटा घर के निकट क्लाथ मार्केट में बीती रात कपड़े की दुकान में आग लगने से लाखों रुपये कीमत का कपड़ा जल कर राख हो गया। घटना की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। दुकान में आग लगने के पीछे शार्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। मूलतः गांव दालमवाला हाल आबाद भटनागर कालोनी निवासी जगदीश ने घंटा घर के निकट क्लाथ मार्केट में कपड़े की दुकान खोली हुई है। बीती देर शाम का मार्केट बंद होने के साथ जगदीश दुकान बंद कर घर चला गया। देर रात को उसके कपड़े की दुकान में आग भड़क उठी। घटना का उस समय पता चला जब चौकीदार ने क्लाथ मार्केट में कपड़े की दुकान से आग की लपटें उठती दिखाई दी। जिसकी सूचना उसने पुलिस तथा फायर ब्रिग्रेड व दुकान मालिक को दी। सूचना पाकर शहर थाना पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान में रखा कपड़ा जल कर राख हो चुका था। गनीमत यह रही कि आग आसपास की दुकानों में नही फैली। मार्केट में काफी कपड़े की दुकानें हैं। आशंका जताई जा रही है कि आग शार्ट सर्किट से लगी है। जिसमें लगभग चालीस लाख का नुकसान आंका जा रहा है। दुकान मालिक जगदीश ने बताया कि वह दुकान को ठीक ठाक बंद कर गया था। मध्यरात्री के बाद उसे दुकान में आग लगने की सूचना मिली। दुकान में लगभग चालीस लाख रुपये का कपड़ा था। जो जलकर राख हो गया। शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।





**जींद।** दुकानों में जला कपड़ा व अन्य सामान व दुकान के बाहर मौजूद व्यापार मंडल के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### पीड़ित दुकानदारों को मिले उचित मुआवजा

न्यू क्लॉथ मार्केट में शॉर्ट सर्किट से दो दुकानों में लगी आग से लाखों का कपड़ा राख होने की घटना पर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रधान डॉ. राजकुमार गोयल ने दुःख व्यक्त किया है।

### व्यापार मंडल ने उठाई मुआवजे की मांग

■ सेठों वाली धर्मशाला में विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक

**जींद।** कपड़ा मार्केट जींद में सोमवार रात सदाबहार क्लॉथ हाउस और बागड़ी टेलर्स की दुकानों में अचानक आग लगने से दोनों दुकानदारों का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। आग इतनी भीषण थी कि दुकानों में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। घटना को लेकर मंगलवार को घंटाघर चौक स्थित सेठों वाली धर्मशाला में कपड़ा मार्केट के व्यापारियों और विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों ने पीड़ित दुकानदारों को आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा दिलाने की मांग उठाई। बैठक में कपड़ा मार्केट के प्रधान राजेश काजी, पालिका बाजार एसो के प्रधान जयकुवार गोयल, करियाणा मर्चेंट एसो के प्रधान संजयए, व्यापार मंडल के संरक्षक हरीश, प्रधान महावीर कंप्यूटर, सावर गर्ग सहित कपड़ा मार्केट के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में दुकानदार मौजूद रहे। व्यापार मंडल के प्रधान महावीर कंप्यूटर ने कहा कि आगजनी की घटना बेहद दुखद है। दोनों दुकानदारों का दुकान में रखा पूरा माल जलकर राख हो गया है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। कहा कि व्यापार मंडल दोनों पीड़ित दुकानदारों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा। बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे थे और घटना का जायजा लिया था। कहा कि व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही डीसी से मुलाकात कर पीड़ित दुकानदारों को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग करेगा। इसके अलावा व्यापार मंडल की ओर से डिप्टी स्पीकर से भी मुलाकात कर पीड़ित व्यापारियों के लिए सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की जाएगी। बाद में डिप्टी स्पीकर प्रतिनिधि राजन चिल्लाना को मौके पर बुलाकर आगजनी से प्रभावित दोनों दुकानों का निरीक्षण करवाया। इस दौरान बड़ी संख्या में दुकानदार भी मौजूद रहे।

# आर्मी में आर्डिनरी लेफ्टिनेंट बनवाने का झांसा देकर तीन लाख रुपये ठगे

■ रुपये देने के बाद भी बढ़ी डिमांड तो हुआ धोखाधड़ी का संदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

छुट्टी आए फौजी को साइबर ठगों ने आर्डिनरी लेफ्टिनेंट बनवाने के झांसा देकर तीन लाख का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने फौजी की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खटकड़ निवासी वजीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आर्मी में डयूटीरत है। फिलहाल छुट्टी आया है। गत 22 जुलाई को उसके पास जानकार सुबेदार हेमराज की कॉल आई। जिसने बताया कि उसकी सुबेदार मनजीत से बातचीत हुई है। जिसने तीन लाख रुपये में आर्डिनरी लेफ्टिनेंट बनवाने की बात कही है। उसने भी तीन लाख रुपये मनजीत को दिए हैं। उसने सुबेदार मनजीत को आपका नंबर दिया है। कुछ देर के बाद मनजीत सुबेदार के अलग-अलग नंबरों से काल आई। बातचीत होने पर उसने आर्डिनरी लेफ्टिनेंट बनवाने के बारे में कहा और साथ ही उसने अपना बैंक खाता भी भेज दिया। जिसके बाद उसने दिए गए खाते में 22 तथा 23 जुलाई को तीन लाख रुपये एनएफटी के माध्यम से डलवा दिए। गत 24 जुलाई को उसके फोन पर मनजीत की फिर से व्हाटसअप कॉल आई। जिसने एक लाख रुपये की और डिमांड की। साथ आरोपित ने रुपयों को लेकर दबाव बनाने लगा। जिस पर उसे धोखाधड़ी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने वजीर सिंह की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मामले की जांच जारी

साइबर थाना के जांच अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि फौजी से धोखाधड़ी कर राशि हड़पने की शिकायत मिली थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



**राजौंद।** मौके पर खड़ी लोगों की भीड़ व टूटा पड़ा बिजली का पोल।

### कार बिजली के खंभे से टकराई, बड़ा हादसा टला

**राजौंद।** जींद रोड पर स्थित इंदिरा आवास कालोनी में मंगलवार शाम 5 बजे के आसपास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई, जिससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान पास में खड़ा एक बच्चा बाल-बाल बच गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर, आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार बहुत तेज थी और जींद रोड से आते हुए चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते वाहन सीधे बिजली के पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खंभा दो हिस्सों में टूट गया। हादसे के समय पास ही कॉलोनी में एक बच्चा खेल रहा था,जो संयोगवश बाल-बाल बच गया। वहीं पास में स्थित एक किराना दुकान के बाहर भी कई लोग खड़े थे। गनीमत रही कि कार खंभे से टकराकर वहीं रुक गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और कार चालक के बारे कारवाई कर रही है।

### 269 ग्राम हेरोइन व 125 ग्राम अफीम सहित तस्कर गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए कलायत की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते 269 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) तथा 125 ग्राम अफीम सहित एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थों की तस्करी में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर कैथल में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है। डीएसपी बीरभान ने बताया कि सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष की अगुवाई में एएसआई नरेंद्र की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि पट्टी अफगान, कैथल निवासी अनिल हेरोइन (चिट्टा) एवं अफीम बेचने का धंधा करता है और बाइक पर मादक पदार्थ लेकर खुराना रोड की ओर से कैथल शहर आने वाला है। पुलिस ने मुस्तैदी का परिचय देते अम्बाला रोड और खुराना रोड के बीच ड्रेन के साथ बने बाईपास पर नाकाबंदी की गई थी।



**कैथल।** सिरटा रोड पर नशा तस्करों के मकानों पर चल रहा बुलडोजर।

# 3 नशा तस्करों के मकानों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला प्रशासन एवं पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते तीन नशा तस्करों द्वारा अवैध रूप से बनाए मकानों को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। डीएसपी बीर भान ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार अपराध एवं नशा तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला प्रशासन ने सिरटा रोड, कैथल क्षेत्र में अवैध रूप से निर्मित तीन मकानों को चिन्हित किया था। संबंधित व्यक्तियों को पहले नियमानुसार नोटिस जारी कर निर्माण हटाने के निर्देश दिए थे। निर्धारित समयावधि में कार्रवाई नहीं किए जाने पर जिला प्रशासन ने पुलिस के सहयोग से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने बताया कि जिन व्यक्तियों के अवैध निर्माण हटाए गए हैं उनमें सिरटा रोड़ कैथल निवासी गुरमुख उर्फ काला, सुखदेव उर्फ सुखा तथा बलराज शामिल हैं। प्रशासनिक जांच में पाया गया कि इन मकानों का निर्माण बिना वैध अनुमति के किया गया था, जिसके चलते नियमानुसार इन्हें हटाया गया। डीएसपी बीर भान ने बताया कि गुरमुख उर्फ काला के विरुद्ध नशा तस्करी से संबंधित कैथल, रेवाड़ी तथा पटियाला में करीब 10 मामले दर्ज हैं। वहीं सुखदेव उर्फ सुखा के खिलाफ कैथल एवं नरवाना में नशा तस्करी के 2 मामले दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त बलराज के विरुद्ध एक शराब तस्करी सहित अन्य दो आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### जींदः अवैध कॉलोनियों पर चलाया पीला पंजा

**जींद।** जिला नगर योजनाकार विभाग ने हरियाणा विकास एवं शहरी क्षेत्र अधिनियम 1975 के प्रावधानों का उल्लंघन कर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ मंगलवार को सख्त कार्रवाई की। जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया के नेतृत्व में राजस्व एस्टेट अहिरका स्थित शहरी एवं नियंत्रित क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही दो कॉलोनियों में किए गए अवैध निर्माणों को जेसीबी की सहायता से तोड़ने का काम किया। अभियान के दौरान तीन एकड़ क्षेत्र में की अवैध प्लॉटिंग को समाप्त किया गया। इसके अलावा मौके पर बनाई गई 20 डीपीसी, अवैध सड़क नेटवर्क तथा इंटरलॉक टाइल्स को भी जेसीबी मशीनों की सहायता से हटाया एवं ध्वस्त किया गया।

### गांव दालमवाला में काटे चार अवैध कनेक्शन

**जींद।** गांव दालमवाला व बुढाखेड़ा में सब्जी, खेती व प्लाट में अवैध रूप से पेयजल का कनेक्शन कर पानी बर्बाद करने वालों पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने शिकंजा कसते चार अवैध कनेक्शन काटे हैं। जबकि दो दर्जन से अधिक उपभेक्ताओं को नोटिस दिए गए हैं। विभाग की इस सख्त कार्रवाई से अवैध कनैक्शन व बिना टूंटी के नल से पानी बर्बाद करने वाले उपभोक्ताओं में हडकंप मच गया है। गांव दालमवाला में खंड समन्वयक दिनेश कुमार के नेतृत्व में विभाग की संयुक्त टीम घर-घर पहुंची।

## लगातार तीसरे वर्ष स्वर्ण पदक पर कब्जा, ऑस्ट्रेलिया में करेगी देश का प्रतिनिधित्व

# गांव फतेहपुर की बेटी स्नेहा ने ऑल इंडिया पुलिस ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव फतेहपुर जिला कैथल की बेटी स्नेहा ने एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन से हरियाणा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। असम राइफल्स की खिलाड़ी स्नेहा ने हैदराबाद (तेलंगाना) में 23 से 30 जुलाई 2026 तक आयोजित 11वीं ऑल इंडिया पुलिस जूडो क्लस्टर चैंपियनशिप के ताइक्वांडो मुकाबलों में महिला +73 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। स्नेहा ने गोल्ड मेडल तक पहुंचने के लिए लगातार तीन कठिन मुकाबले जीते। उन्होंने पहले मुकाबले में सीआरपीएफ की खिलाड़ी को हराया। इसके बाद उत्तर प्रदेश पुलिस की खिलाड़ी को मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में अरुणाचल प्रदेश पुलिस की खिलाड़ी को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। स्नेहा की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि उन्होंने लगातार तीसरे वर्ष ऑल इंडिया पुलिस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने का कारनामा किया है।



### अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

शानदार प्रदर्शन के आधार पर स्नेहा का चयन अब मार्च 2027 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स के लिए भी हो गया है, जहां वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। स्नेहा की उपलब्धि से गांव, जिले और हरियाणा में खुशी का माहौल है। परिजनों, खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते विश्व प्रतियोगिता में भी स्वर्ण जीतकर देश का गौरव बढ़ाने की शुभकामनाएं दी हैं।



## खबर संक्षेप

### गुरु पूर्णिमा का त्योहार आज मनाया जाएगा

**नरवाना।** नरवाना के प्राचीन हनुमान मंदिर में गुरु पूर्णिमा का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी वीरेंद्र शास्त्री ने बताया कि 29 तारीख बुधवार को सुबह 8 बजे हवन यज्ञ किया जाएगा उसके बाद 11 बजे हनुमान जी को भोग लगाया जाएगा और उसके बाद विशाल भंडारे का का प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर कमेटी के प्रधान विपिन गर्ग ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हर साल भंडारे का आयोजन किया जाता है और भगवान हनुमान से शहर में सुख शांति समृद्धि की कामना की जाती है।

### आपत्तियां 31 जुलाई से 30 अगस्त तक होंगी प्राप्त

**जींद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 के तहत दावे एवं आपत्तियां तथा नोटिस चरण को लेकर सोमवार को निर्वाचक पंजीयन अधिकारी, जींद विस निर्वाचन क्षेत्र कार्यालय में विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और बूथ लेवल एजेंट बीएलए 1 की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारी सत्यवान सिंह मान ने की। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और बीएलए 1 को एसआईआर की आगामी प्रक्रिया और आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी।

### अग्रसेन स्कूल में क्ले मॉडलिंग एक्टिविटी

**जींद।** महाराजा अग्रसेन स्कूल में तीसरी व चौथी कक्षा के बच्चों के लिए क्ले मॉडलिंग का आयोजन किया। बच्चों ने फल, सब्जियां, सुंदर खिलौने, भगवान गणेश की सुंदर प्रतिमाएं बना कर कला का प्रदर्शन किया। प्रधान महावीर गुप्ता ने कहा कि कले आर्ट बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक प्रभावी और मनोरंजक माध्यम है। इससे बच्चों की सृजनात्मक क्षमता कल्पना शक्ति और आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होती है। प्रिंसिपल रीटा ने सराहना करते कहा कि गतिविधि से बच्चों की कल्पना शक्ति और हाथों की सूक्ष्म स्किल मजबूत होती है।

### शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर करें निपटारा

**जींद।** सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने उपमंडल के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों में प्राप्त लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। कहा कि शिविर में आने वाला हर नागरिक अपनी समस्या के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचता है। ऐसे में अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ हर शिकायत पर गंभीरता से कार्य करते पात्र नागरिकों को समय पर राहत उपलब्ध करवानी चाहिए। एसडीएम समाधान शिविरों के दौरान प्राप्त शिकायतों एवं आवेदन पत्रों की समीक्षा कर रहे थे।

### 101 हस्तियों को ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड मिलेगा

**जींद।** समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वास्तविक नायकों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने और उनके प्रेरणादायी योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से राह ग्रुप फाउंडेशन द्वारा ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड 2026 का आयोजन किया जा रहा है। एक्सप्लोर इंडिया अभियान के तहत अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में होने वाले चार दिवसीय समारोह में देशभर से चयनित 101 विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा के प्रमुख पर्यटन एवं सांस्कृतिक स्थलों पंचकूला, चंडीगढ़ और मोरनी हिल्स में किया जाएगा।

### दुकान का ताला तोड़ बैट्री और सोलर पैनल चोरी

**जींद।** गांव हाट में बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी तथा सोलर पैनलों को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव हाट निवासी बलराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव के सरकारी स्कूल के निकट इन्वर्टर की दुकान खोली हुई है। बीती रात चोरों ने दुकान को ताला तोड़ कर 16 बैटरी तथा पांच सोलर सीपीयू को चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला जब वह दुकान खोलने के लिए पहुंचा था।

### टीम का राज्य स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता के लिए चयन

# टेबल टेनिस प्रतियोगिता में इंडस का शानदार प्रदर्शन

### टीम ने शानदार प्रदर्शन कर जिला चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना के छात्रों ने जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते अंडर 14 बालक वर्ग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। विजेता टीम के खिलाड़ी हितेन, आद्विक, केशव, ध्रुव एवं युग ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते जिला चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। शानदार उपलब्धि के साथ टीम का चयन राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है। इस अवसर पर इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कोर्डिनेटर प्रवीण परूथी, इंडस ग्लोबल अकादमी प्राचार्य डा. संजीव तायल तथा इंडस ग्लोबल अकादमी हैडमास्टर जेएस सारंग ने विजेता खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है तथा उन्हें विश्वास है कि टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करेगी।



जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



उचाना। चयनित खिलाड़ी स्कूल स्टाफ के साथ। फोटो :हरिभूमि

### शिवानिया स्कूल में होगी सीबीएसई तीरंदाजी चैंपियनशिप



**उचाना।** शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना मंडी में 31 जुलाई से पांच अगस्त तक सीबीएसई तीरंदाजी चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और चंडीगढ़ से करीब एक हजार युवा तीरंदाज अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। चैंपियनशिप के सफल आयोजन को लेकर विद्यालय में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों के लिए विद्यालय परिसर में भोजन एवं आवास की समुचित व्यवस्था होगी। साथ ही प्रतिभागियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके लिए सुरक्षित व अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा का अनुभव देने के साथ-साथ खेल भावना, अनुशासन, टीम भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। प्रधानाचार्या प्रोमिला मलिक ने कहा कि शिवानिया पब्लिक स्कूल के लिए सीबीएसई तीरंदाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करना गर्व की बात है। विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आने वाले खिलाड़ियों का विद्यालय परिवार पूरे उत्साह के साथ स्वागत करेगा। विद्यालय इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है।

### जिला खेलों में महर्षि लोमश स्कूल का दम

**उचाना।** जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में महर्षि लोमश पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोधर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। सॉफ्टबॉल और बेसबॉल की विभिन्न आयु वर्ग प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने पदक जीतने के साथ बड़ी संख्या में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी क्वालिफाई किया। अंडर 14 सॉफ्टबॉल (बालक वर्ग) और अंडर 14 बेसबॉल (बालक वर्ग) की टीमों ने द्वितीय स्थान हासिल किया। दोनों वर्गों में 12-12 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें से छह-छह खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। वहीं अंडर 17 सॉफ्टबॉल (बालक वर्ग) की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ग में 10 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें से छह खिलाड़ी राज्य स्तर के लिए चयनित हुए। इसके अलावा अंडर 14 सॉफ्टबॉल की अन्य श्रेणी में 10 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें से दो खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। विद्यालय चेयरमैन गजे सिंह गिल ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अनुशासन, मेहनत और खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया है। उन्हें विश्वास है कि खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालयए क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करेंगे। प्राचार्य सतवीर कौशिक ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जाता है। खिलाड़ियों की सफलता उनकी मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।



जींद। नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण करते एसडीएम पुलकित मल्होत्रा।

## जींदः व्यक्ति को कभी भी नशे का सहारा नहीं लेना चाहिए : मल्होत्रा

- एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने किया नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिन परिस्थितियां क्यों न आएं, व्यक्ति को कभी भी नशे का सहारा नहीं लेना चाहिए। जीवन में उतार-चढ़ाव सभी के हिस्से में आते हैं लेकिन समस्याओं से घबराकर नशे की ओर बढ़ना किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में सकारात्मक सोच, अच्छे संस्कार और उच्च विचार अपनाएं तथा नशे जैसी बुराई से हमेशा दूर रहें। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति की सोचने, समझने की क्षमता को खत्म कर देता है और उसे अपने परिवार रिश्तेदारों तथा समाज से दूर कर देता है। नशे की गिरफ्त में आने के बाद व्यक्ति को सही और गलत का भी एहसास नहीं रह जाता जिससे उसका पूरा जीवन प्रभावित होता है। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा मंगलवार को सफीदों स्थित नशा मुक्ति केंद्र के औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। निरीक्षण में उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, नशा मुक्ति केंद्र का लाइसेंस ईत्यादि चैक किए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, उपचार व्यवस्था तथा मरीजों को दी जा रही सेवाओं का विस्तार से जायजा लिया। उन्होंने केंद्र के सभी दस्तावेजों का अवलोकन किया और उपचार प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने केंद्र के स्टाफ को निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी निर्धारित ड्रेस कोड में रहें तथा नशे के उपचार के लिए आने वाले प्रत्येक मरीज की पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ देखभाल सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उपचार के दौरान अनुशासनए स्वच्छता और समयबद्ध चिकित्सा व्यवस्था बनाए रखना सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है।

### जरूरमंद छात्रा की मदद करेगी शिक्षा समिति

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के नंदगढ़ गांव में पांचाल समाज शिक्षा समिति ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की एक छात्रा की शिक्षा का जिम्मा उठाकर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। समिति ने छात्रा की उच्च शिक्षा में आर्थिक बाधा न आने देने का संकल्प लेते हुए उसकी पढ़ाई का पूरा खर्च वहन करने का निर्णय लिया है। समिति के प्रधान दलजीत पांचाल ने बताया कि समिति के सदस्यों को जानकारी मिली थी कि नंदगढ़ गांव निवासी छात्रा भावना आर्थिक तंगी के कारण आगे की पढ़ाई जारी रखने में असमर्थ थी। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए समिति ने तत्काल सहायता करने का फैसला लिया। समिति के सदस्यों ने छात्रा को 21 हजार का चेक प्रदान किया तथा भविष्य में उसकी शिक्षा पर आने वाले सभी आवश्यक खर्च उठाने की घोषणा की।



जुलाना। नंदगढ़ गांव में छात्रा को चेक सौंपते समिति के सदस्य।



सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में मोरिगा के पौधे वितरित किए गए।

### गुरु पूर्णिमा पर मोरिगा के पौधे वितरित किए

**नरवाना।** रोटरी क्लब नरवाना के साथ किए गए एम ओ यू के तहत मंगलवार को एस डी महिला महाविद्यालय के द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मोरिंगा के पौधे रोटरी क्लब के द्वारा बांटे गए ।मोरिंगा सहजन एक अत्यंत पौष्टिक एवं औषधि पौधा है जो आयुर्वेद में सुपर फूड के नाम से जाना जाता है। इसकी पत्तियां ,फलिया फूल और बीज अत्यंत पौष्टिक एवं लाभकारी होते हैं। नियमित सेवन से हमारे शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाता है ।इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रधान दीपक मित्तल ने कॉलेज सचिव जियालाल और उप प्रधान राजकुमार गोयल को पौधा और पेन दे कर गुरुओं के सम्मान को प्रदर्शित किया। साथ ही रोटरी क्लब के सचिव राजेंद्र बंसल और प्रोजेक्ट अध्यक्ष अनुराग दीवान अपने अन्य सदस्यों के साथ भी मौजूद रहे। महा विद्यालय की प्राचार्या डॉ अंजना लोहान और स्कूल प्राचार्या नीना गुप्ता जी अपने स्टाफ सहित वहां मौजूद रही।

### रामकली में मौसमी बीमारियों के प्रति किया प्रेरित

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के रामकली गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डेंगू और मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व स्वास्थ्य निरीक्षक बिजेंद्र ने किया। इस दौरान स्कूल में विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा ग्रामीणों को बरसात के मौसम में अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी और स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। स्वास्थ्य निरीक्षक बिजेंद्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में जगह-जगह पानी जमा होने से डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर और मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने की संभावना बढ़ जाती है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रवीन ने कहा कि बिना चिकित्सकीय सलाह के दवा लेने से बचें। बताया कि समय पर जांच और उपचार से डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों पर आसानी से नियंत्रण पाया जा सकता है।



रामकली गांव के छात्रों को जागरूक करते स्वास्थ्य विभाग की टीम।



ब्रह्मा कुमारीज की बीके बहनें एवं योग संस्थान के पदाधिकारीगण पौधे लगाते हुए।

### ब्रह्माकुमारीज ने प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश

**नरवाना।** ब्रह्माकुमारीज द्वारा राम नगर स्थित रन स्टार क्रिकेट एकेडमी में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर आज ब्रह्मा कुमारीज बहनों, मुख्य अतिथि भारतीय योग संस्थान के जिला प्रधान विनोद गर्ग, विशिष्ट अतिथि केंद्र प्रमुख अनिल गर्ग, अनीता नैन, ओम प्रकाश ने एकेडमी में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पिछले 25 सालों से क्षेत्र में रोज सुबह योगा क्लास लगाकर समाज के हजारों लोगों को स्वस्थ बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए ब्रह्मा कुमारीज सेवा केंद्र प्रभारी बीके सीमा बहन एवं बीके पूजा ने स्मृति चिन्ह देकर भारतीय योग संस्थान को सम्मानित किया। पौधा भेंट करके अतिथिगण का स्वागत किया गया। बहनों ने वन विभाग की प्रशंसा करते हुए कहा कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वर्षों से निरंतर सहयोग मिल रहा है।



मेधावी छात्रा को सम्मानित करते जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा।

### छात्रों को उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया

**जींद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामराये एवं केंद्रीय आर्य युवक परिषद् जींद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार सम्मान समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। मंच का संचालन मोहनलाल शास्त्री ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा, समाजसेवी मोहनलाल शर्मा, स्कूल प्राचार्य ज्योति शर्मा तथा एसएमसी प्रधान मुकेश रामराये ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मोहनलाल शर्मा ने कहा कि सभी बच्चे और स्कूल के अध्यापक बधाई के पात्र हैं कि बच्चों के लिए उन्होंने इतनी मेहनत की और बच्चे शानदार परिणाम लेकर आए। साथ ही उन्होंने केंद्रीय आर्य युवक परिषद का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने मेधावी छात्रों को आज सम्मानित किया है।

## डीसी ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर डीसी डा. वैशाली शर्मा ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार, पात्र युवाओं तक योजना की जानकारी पहुंचाने तथा अधिक से अधिक युवाओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीसी ने कहा कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना युवाओं को उद्योगों एवं प्रतिष्ठित संस्थानों में व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल है। योजना के माध्यम से युवाओं को कार्यस्थल का वास्तविक अनुभव प्राप्त होगा। जिससे उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी और उन्हें भविष्य में बेहतर रोजगार के अवसर हासिल करने में मदद मिलेगी। बैठक में राजकीय आईटीआई जींद के प्रधानाचार्य रमेश पांचाल ने योजना के तहत पंजीकरण प्रक्रिया, पात्रता, उपलब्ध इंटर्नशिप अवसरों और निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य हासिल करने को लेकर विस्तार से जानकारी दी।



जींद। मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि



जींद। डॉक्यूमेंटरी देखते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### कारगिल युद्ध के इतिहास-महत्व पर डॉक्यूमेंटरी फिल्म देखी

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में प्राचार्या डा. पूनम मोर के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अवसर पर विभाग द्वारा छात्राओं के लिए कारगिल युद्ध के इतिहास और महत्व पर आधारित विशेष डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। डॉक्यूमेंट्री देखने के दौरान छात्राएं राष्ट्रप्रेम की भावना और भारी उत्साह से सराबोर नजर आईं। डॉक्यूमेंट्री में भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों के अदम्य साहस, बलिदान और देशभक्ति को दर्शाया गया। जिन्होंने देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इसी के साथ प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें हमारे वीर सपूतों के अदम्य साहस और बलिदान की याद दिलाता है। यह दिन हमें राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है और युवा पीढ़ी को देश सेवा के लिए प्रेरित करता है। इस मौके पर कालेज की प्राध्यापिकाओं डा. गीता गुप्ता, रेखा सैनी, अंजलि आदि मौजूद थी।

### जिला योजना स्कीम के तहत बनवाया गया था 2011 में शौचालय

# नागरिक अस्पताल में 11 लाख से बने शौचालय होंगें जमींदोज

- पिछले कई माह से कंडम स्थिति में पहुंच चुके हैं शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में शव गृह के पास वर्ष 2011 में जिला योजना स्कीम के तहत 11 लाख रुपये की लागत से महिला व पुरूष के लिए बनवाए गए अलग-अलग शौचालय जमींदोज होगे। निर्माण के दौरान शुरू में तो इस शौचालय का रखरखाव ठीक से रखा गया। फिर इसे बंद कर दिया गया। बाद में आमजन के दबाव में इसे खोला भी गया लेकिन अब इस शौचालय की व्यवस्था ठीक से न होने के चलते यह उपयोग लायक भी नही है। बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है। ऐसे में अस्पताल प्रशासन ने इन शौचालयों के कंडमेशन के लिए संबंधित विभाग को लिखा है। नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन 1800 तक की ओपीडी होती है। इसके अलावा आधार कार्ड अपडेट करवाने सहित अन्य कार्य करवाने के लिए भी सैंकडों लोग आते हैं। इसके साथ ही पोस्टमार्टम के लिए भी लोग आते हैं। पोस्टमार्टम रूम के पास ही शौचालय बनवाया गया है लेकिन रखरखाव के अभाव में यह शौचालय पूरी तरह से उपयोग करने लायक नही रहे हैं। बिल्डिंग भी जर्जर हो चुकी है। ऐसे में कोई हादसा न हो, इस पर ताले लगवा दिए गए हैं ताकि कोई गलती से भी इन शौचालयों के अंदर न जाए। नागरिक अस्पताल में आए रवि, सुनील, विजेंद्र ने बताया कि शव गृह के पास बनाए गए शौचालय बहुत जरूरी हैं। हालांकि नई व पुरानी बिल्डिंग में शौचालय बनाए गए हैं लेकिन कई बार शव गृह में पोस्टमार्टम करवाने के लिए लोग आते हैं, इसके अलावा पास ही आधार कार्ड सेंटर में काफी संख्या में महिलाएं प्रतिदिन आधार अपडेट या अन्य कार्यों के लिए आती हैं। वहीं कई बार धरना या प्रदर्शन भी यही पास में होता है। ऐसे में यहां शौचालय की बहुत जरूरत है।



जींद। जर्जर हो चुकी बिल्डिंग में बने शौचालयों पर लटके ताले। फोटो :हरिभूमि

### शौचालयों के कंडमेशन के लिए लिखा पत्र

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि शव गृह के पास शौचालय एडीसी कार्यालय की ओर से बनवाए गए हैं। शौचालय की बिल्डिंग जर्जर हालात में है। इसलिए इस बिल्डिंग के कंडमेशन के लिए लिखा गया है।



नगूरां सरस्वती स्कूल में डेंगू के प्रति छात्रों को जागरूक करते स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा।

### अलेवाः विद्यार्थियों को डेंगू के प्रति किया जागरूक

**अलेवा।** गांव नगूरां के सरस्वती पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जुलाई माह को डेंगू रोधी मास के रूप में मनाते डेंगू के प्रति जागरूक किया। इस दौरान टीम ने विद्यार्थियों को बारिश में बढ़ता है डेंगू का प्रभाव, साफ-सफाई करके करें बचाव नामक स्लोगनों से जागरूक किया। अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा व स्कूल प्राचार्य डा. प्रदीप खटकड़ ने की। विद्यार्थियों को जागरूक करते स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि डेंगू एडिज मच्छर के काटने से फैलता है। जो मुख्य रूप से दिन के समय काटता है और हमेशा साफ पानी में ही पनपता है। इसलिए प्रत्येक रविवार को अपने घरों में सूखा दिवस मनाते कूलर टंकी, फ्रीज की ट्रेर, गमले, पानी की टंकी, छत पर पड़ा बेकार प्लास्टिक का सामान, पुराने टायर, नारियल आदि को साफ करके धूप में सुखाएं और पूरी बाजू के कपड़े पहने तथा मच्छर नाशक क्रीम का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले के नागरिक अस्पताल में डेंगू की निशुल्क जांच की जा रही है। प्राइवेट लैब व अस्पताल संचालकों को डेंगू जांच के संबंध में अधिकतम 600 रूपये लेने के ही निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर की मारपीट, मामला दर्ज

कैथल। जिले में घर में घुसकर मारपीट और जानलेवा हमले के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने कुल 7 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। एक मामला राजौंद थाना क्षेत्र के गांव मंडवाल का है, जहां पहले दर्ज केस में आरोपी रहे युवक ने अस्पताल में शिकायत देकर पलट केस दर्ज करवाया है। वहीं, दूसरा मामला तितरम थाना क्षेत्र के गांव सिसला का है, जहां जमीन के ठेके के विवाद में पिता-पुत्र पर तलवार से हमला करने का आरोप लगाया गया है।

### ट्रैक्टर के धान की फसल नष्ट करने का आरोप

कैथल। गांव कच्ची पिसौल निवासी एक किसान ने दो एकड़ में लगी धान (जीरी) की फसल ट्रैक्टर से बहाकर नष्ट करने और खेत की डोल तोड़ने का आरोप लगाया है। गुहला थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर 2 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में हरविंद्र सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी के नाम दो एकड़ जमीन है, उसने आरोप है कि जब वह खेत पहुंचा तो देखा कि पूरी फसल ट्रैक्टर से बहाकर नष्ट कर दी गई थी।

### मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर से बाइक चोरी

कैथल। चीका की मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। काफी तलाश के बाद पुलिस में शिकायत दी, जिस पर चीका थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव रिवाड़ जागीर निवासी हरविंद्र सिंह ने बताया कि 24 जुलाई को सुबह करीब 10 बजे वह अपने बाइक को मार्केट कमेटी कार्यालय चीका के बाहर खड़ा करके गया था। जब वह वापस लौटा को बाइक गायब मिली।

### चोरों ने बिजली ट्रांसफार्मर को बनाया निशाना

कैथल। गांव गढ़ी पाडला में खेत में लगा 20 केवीए का बिजली ट्रांसफार्मर चोरों ने निशाना बनाया। बदमाश ट्रांसफार्मर से तांबे की एचटी और एलटी वाइंडिंग निकालकर फरार हो गए। चोरी से बिजली वितरण निगम को 19 हजार 300 रुपए का नुकसान हुआ है।

### बिजली ट्रांसफार्मर से सामान चोरी, केस दर्ज

कैथल। गांव शादीपुर में खेत में लगे बिजली ट्रांसफार्मर से आंतरिक सामान चोरी होने का केस सामने आया है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) की शिकायत पर गुहला थाना पुलिस ने बिजली अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यूएचबीवीएन के एसडीओ राहुल यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव शादीपुर स्थित 20 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर से 1/2 जून की रात चोर आंतरिक सामान चोरी कर ले गए।

### कामर्स में असिस्टेंट प्रोफेसर बनी संगीता

उचाना। उचाना कलां के वार्ड नंबर 12 बुढापति निवासी रमेश उर्फ मेशा नंबरदार की पुत्रवधू संगीता के कामर्स विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्त होने पर परिवार में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर परिजनों, रिश्तेदारों तथा आस पड़ोस के लोगों ने परिवार को बधाई देते हुए संगीता के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राजेश श्योकंद नंबरदार ने कहा कि आज के युवाओं के लिए शिक्षा ही सबसे बड़ी ताकत है।

### शहीद स्मारकों पर तिरंगा फहराने की मांगी अनुमति

कैथल। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल का प्रतिनिधि मंडल एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी के नेतृत्व में उपायुक्त अपराजिता से भेंट की। उनको सरकार व प्रशासन द्वारा तिरंगा महोत्सव जो मनाया जा रहा है। उस के लिए 9 से 15 अगस्त को तिरंगा महोत्सव पर शहीद स्मारकों और उनके प्रतिमाओं (स्टेचुओ) पर तिरंगा फहराने की अनुमति का पत्र सौंपा।

---

### मनीष कुमार की पहल पर शिक्षक, विद्यार्थियों व लोगों ने संभाली सफाई की जिम्मेदारी

# एसडीएम की पहल से बदली भागल स्कूल की तस्वीर, ग्रामीणों ने मिलकर संवारा परिसर

ग्रामीणों के सहयोग से साफ-सफाई और सुंदर स्कूल बनाने की दिशा में कार्य जोरों से जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका




गुहलाचीका। एसडीएम मनीष यादव नीचे बैठकर विद्यार्थियों संग मिड डे मील खाते हुए व भागल के राजकीय स्कूल में पौधारोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जब दिल में कुछ करने का प्रयास किया जाए तो सफलता मिल ही जाती है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है गुहला-चीका के नव नियुक्त एसडीएम मनीष कुमार यादव ने। एसडीएम ने गांव में एक अलख जगाई तो गांव भागल के राजकीय स्कूल की तस्वीर बदल गई। एसडीएम निरंतर गांव भागल के राजकीय स्कूल का दौरा कर रहे हैं। मंगलवार को भी वे सुबह 7 बजे स्कूल में पहुंचे और साफ-सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों और मनरेगा की टीम द्वारा स्कूल में साफ-सफाई का कार्य जोरों से चल रहा था। एसडीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जहां पहले गांव भागल का राजकीय स्कूल परिसर में गंदगी का आलम छाया हुआ था। घास और बड़ी-बड़ी झाड़ियों के कारण काफी अव्यवस्था नजर आ रही थी। लेकिन अब ऐसा नहीं दिखाई दे रहा। अब ग्रामीणों के सहयोग से राजकीय स्कूल चमकने लगा है। स्कूल के शिक्षकों, विद्यार्थियों ने भी साफ-सफाई में पूरा सहयोग किया जा रहा है। एसडीएम ने गांव के राजकीय स्कूल में साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर एक अलख जगाई तो पूरा गांव एकजुट हो गया। स्कूल के स्टाफ और स्कूल प्रबंधन कमेटी, सरपंच व गांव के प्रबुद्ध व्यक्तियों ने गांव के स्कूल की तस्वीर बदलने की ठानी तो अब स्कूल में बदलाव नजर आने लग गया है।

#### गांव भागल के खेल स्टेडियम में बच्चों को मिली नई खेल किट

एसडीएम मनीष कुमार यादव गांव भागल के राजकीय स्कूल को स्वच्छता में आगे लाने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं पढ़ाई और खेलों में भी इस स्कूल के बच्चे आगे हो, इसके लिए पूरा ध्यान दिया जा रहा है। स्कूल के स्टाफ की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि निरंतर निर्धारित समय अनुसार स्कूल में शिक्षक पहुंचे। जब कक्षाएं चल रही है तो कोई भी शिक्षक मोबाईल का उपयोग नहीं करेगा, पूरा ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित होगा। कहीं किसी भी शिक्षक को कोई परेशानी है तो वह सीधा उनसे संपर्क कर सकता है। स्टाफ से संबंधित समस्याओं को मुख्यालय भेजा जाएगा।

#### नीचे बैठकर विद्यार्थियों के साथ खाए नमकीन चावल और दलिया

स्कूल में पहुंचे एसडीएम मनीष कुमार यादव ने विद्यार्थियों के साथ नीचे बैठकर नमकीन चावल व दलिया खाया। उन्होंने मिड डे मिल में तैयार होने वाले खाने का निरीक्षण भी किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को कहा कि बच्चों को मिलने वाले मिड डे मिल खाने की गुणवत्ता अच्छी हो। इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाए। निरंतर खाने का निरीक्षण किया जाए। एसडीएम मनीष कुमार यादव ने सभी राजकीय स्कूलों को निर्देश जारी किए हैं कि वे कभी भी स्कूलों का औचक निरीक्षण कर सकते हैं। इसलिए सभी राजकीय स्कूलों की व्यवस्थाएं सही हो। कोई भी लापरवाही मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी लाई जाएगी।

#### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण का संदेश

एसडीएम मनीष कुमार यादव ने स्कूल परिसर में पौधा रोपण करने उपरांत कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण के दृष्टिगत हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। निरंतर इनकी देखरेख करनी चाहिए। साल में आने वाले मुख्य दिवसों में पौधा रोपण जरूर करें। उन्होंने शिक्षकों से भी अनुरोध किया कि वे साफ-सफाई व्यवस्था को समुचित करवाएं। जितने भी पौधे लगाए जाते हैं समय-समय पर निरीक्षण करें और जहां कमी है उन्हें दुरूस्त करवाएं। स्कूल में चल रही कक्षा के दौरान एसडीएम पहुंचे, उन्होंने बच्चों से सवाल पूछे। बच्चों ने निडर होकर सभी सवालों का जवाब भी दिया।

---

## न्यूज डायरी



### ढांड में गूंजे गुरु रविदास के जयकारे

ढांड। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की मूर्ति स्थापना को लेकर मंगलवार को गांव ढांड में श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। संत शिरोमणि गुरु रविदास सभा ढांड एवं समस्त समाज के सहयोग से निकाली गई भव्य शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने एकजुट होकर शोभायात्रा में भाग लिया। गुरु रविदास जी के जयकारों और भजन-कीर्तन से गांव की गलियां गूंजती रहीं। गुरु रविदास मंदिर से बाबा जसबीर दास जलमाणा के सानिध्य में शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया।



### गांव लदाना चक्कू में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

गुहला-चीका। लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की ओर से संचालित मोबाइल मेडिकल वैन मंगलवार को गांव लदाना चक्कू पहुंची। यहां डॉ. बलविंद्र सिंह के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर 90 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। शिविर के दौरान आठ लोगों के प्रयोगशाला परीक्षण भी किए गए। इस अवसर पर ब्लॉक समिति सदस्य रोकी ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल महिला, युवा, बुजुर्ग और किसान सहित सभी वर्गों के हित में कार्य कर रहे हैं।

### हर घर तिरंगा अभियान से जुड़े युवा: बंसल

पूंडरी। भाजपा नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद बंसल ने आगामी हर घर तिरंगा अभियान को लेकर क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में जुडने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने घर, प्रतिष्ठान और कार्यालय पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना को मजबूत करे। केंद्र सरकार द्वारा 2 से 15 अगस्त तक चलाए जाने वाले इस अभियान का उद्देश्य जन-जन में राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सोशल मीडिया तक सीमित न रहकर राष्ट्र निर्माण के कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

### खाटू श्याम एवं सालासर धाम के लिए बस रवाना

कैथल। कैथल विधानसभा क्षेत्र के श्रद्धालुओं को बिना किसी आर्थिक बोझ के पावन तीर्थों के दर्शन कराने की प्रक्रिया को जारी रखते हुए विधायक आदित्य सुरजेवाला ने आज एक बार फिर 14वीं निःशुल्क बस सेवा का आयोजन किया। इस सेवा के तहत कैथल शहर के अर्जुन नगर वार्ड 1 से श्रद्धालु सुबह-सुबह कैथल के किसान भवन से रवाना हुए और बाबा श्री खाटू श्याम धाम तथा श्री बालाजी सालासर धाम पहुंचकर अपने आराध्य देव के दर्शन करने जा रहे हैं। बस को हरी झंडी दिखाने के लिए विधायक आदित्य सुरजेवाला विशेष रूप से मौजूद रहे।

### स्कूल-कॉलेज जाने वाला रास्ता बदहाल

राजौंद। जींद रोड से प्राइमरी स्कूलों और कॉलेज को जाने वाले रास्ते की बदहाल स्थिति से छात्राओं व ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जींद रोड से जुड़ने वाला यह रास्ता दो प्राथमिक विद्यालयों तक जाता है, जबकि आसपास की कई छात्राएं इसी मार्ग से कॉलेज के लिए भी आवागमन करती हैं। रास्ते का एक बड़ा हिस्सा आज भी कच्चा पड़ा हुआ है, जिससे लोगों को रोजाना दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। विशेषकर बरसात के मौसम में यहां पानी भर जाता है और कीचड़ इतना हो जाता है कि निकलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में छात्राओं को स्कूल व कॉलेज पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।वार्ड नंबर 6 का यह रास्ता कई वर्षों से कच्चा पड़ा हुआ है, लेकिन अब तक इसे पक्का नहीं किया गया है। नागरिक सुलर, हवा, राकेश ने बताया कि कई बार प्रशासन से इस रास्ते को पक्का करने की मांग की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही इस रास्ते को पक्का नहीं किया गया तो समस्या और गंभीर हो सकती है।

---

# गुरु पूर्णिमा पर 56 साल बाद बनेगा दुर्लभ महासंयोग

- 3 राजयोगों में गुरु पूजन का मिलेगा कई गुना फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



पूंडरी। आयोजित कार्यक्रम में गुरु पूजन करते आचार्य रजनीव कौशिक।

आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा पर मनाया जाने वाला गुरु पूर्णिमा पर्व इस वर्ष धार्मिक, आध्यात्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत विशेष रहने वाला है। 29 जुलाई को पड़ रही गुरु पूर्णिमा पर लगभग 56 वर्षों बाद ऐसा दुर्लभ महासंयोग बन रहा है, जब बुधादित्य राजयोग, हंस राजयोग और शश राजयोग एक साथ प्रभावी रहेंगे। ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि इन शुभ योगों में किए गए गुरु पूजन, मंत्र जाप, ध्यान, दान-पुण्य और धार्मिक अनुष्ठानों का कई गुना अधिक शुभ फल प्राप्त होता है। मां बगलामुखी धाम पूंडरी के संचालक आचार्य राजीव कौशिक ने बताया कि गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, जिन्होंने वेदों का संकलन, महाभारत की रचना तथा पुराणों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा को विश्वभर में स्थापित किया। इसी कारण भारतीय संस्कृति में गुरु को ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समान पूजनीय माना गया है। उन्होंने बताया कि गुरु केवल शिक्षा देने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि जीवन को सही दिशा दिखाने वाला मार्गदर्शक होता है। गुरु ही मनुष्य को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है।

#### विशेष संयोग

29 जुलाई को मनाई जाएगी गुरु पूर्णिमा, 56 साल बाद बन रहा दुर्लभ महासंयोग, बुधादित्य, हंस व शश तीनों राजयोग रहेंगे, गुरु पूजन, दान व जप का मिलेगा विशेष फल, व्यास जयंती के रूप में भी मनाया जाएगा पर्व। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पूर्णिमा तिथि 28 जुलाई को सायं 6:18 बजे प्रारंभ होकर 29 जुलाई को रात्रि 8:05 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार गुरु पूर्णिमा का पर्व 29 जुलाई को मनाया जाएगा। इस दिन प्रातःकाल से ही गुरु पूजन, सत्यनारायण कथा, मंत्र जाप, यज्ञ, दान और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व रहेगा। श्रद्धालु इस दिन पीले वस्त्र, फल, अन्न, दक्षिणा एवं धार्मिक ग्रंथों का दान कर पुण्य के भागी बन सकते हैं।

### गुरु आत्मसाक्षात्कार का मार्ग प्रशस्त करने वाला होता है : राजेन्द्र कुमार

कैथल। महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के टीक परिसर में व्यास पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) के अवसर पर /"गुरु-शिष्य परम्परा/" विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य राजेन्द्रकुमार अनायत ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय, कैथल के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार भाम्भू उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजय गोयल, शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. जगत नारायण कौशिक तथा परीक्षा नियंत्रक प्रो. भाग सिंह बोदला की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।

---



ढांड। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर व सरपंच जसबीर गली का शुभारंभ करते हुए।

### ढांड में विकास को मिली नई रफ्तार वर्षों पुरानी गली बनकर हुई तैयार

ढांड। गांव ढांड में मंगलवार को पिहेवा रोड से साधुराम के मकान तक बनी नई गली का उद्घाटन सरपंच जसबीर सिंह गुर्जर ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर की उपस्थिति में किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और अतिथियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर अशोक गुर्जर ने कहा कि जिस गली का आज उद्घाटन हुआ है, वह पिछले दो दशक से अधिक समय से ग्रामीणों की मांग थी। चुनाव के दौरान सरपंच जसबीर गुर्जर ने इसे बनवाने का वादा किया था, जिसे आज पूरा कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि गांव में सीवरेज कार्य अंतिम चरण में है और इसके बाद शेष सड़कों का निर्माण तेजी से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध करा रही है।

### आत्म संयम तथा स्वाभिमान गुरु का गहना : श्याम सुंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



श्याम सुंदर गौड़

भारत में विभिन्न धर्मो के लोग रहते हैं। यहां साल में 12 पूर्णमासियां आती हैं गुरु पूर्णिमा और बुद्ध पूर्णिमा का अपना विशेष महत्व रहा है। गुरु पूर्णिमा गुरु के लिए अर्पित है। इस दिन गुरुओं को विशेष सम्मान दिया जाता है क्योंकि गुरु को मार्गदर्शक तथा बुद्धि प्रदात्ता भी माना गया है। बताया जा रहा है कि प्राचीन समय से भारत में आश्रमों और कालों में देश-विदेश से विदयार्जन हेतु अभ्यर्थी आते थे तथा वे विद्या प्राप्त कर लौट जाते थे। भारत की विद्या का डंका पूरे विश्व में बजता था। संगीताचार्य एवं पूर्व प्राध्यापक श्याम सुंदर गौड ने कहा कि ईश्वर से मिलने का गुरु ही मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने बताया कि हर धर्म के अपने-अपने गुरु हुए हैं। श्री कृष्ण, श्री राम के गुरु संदीपन वशिष्ठ विश्वामित्र हुए थे। पांडवों के गुरु द्रोणाचार्य कहलाए। गुरु सद्बुद्धि भक्ति और शक्ति पर दाता रहा है। उन्होंने बताया कि राजा महाराजाओं के दरबार में भी गुरु हुआ करते थे। वे ही उन्हें अपनी राय देकर कृतार्थ करते थे। जिसमें गुरुता या बड़प्पन हो तो वही गुरु कहलाता है। लोभी, लालची, अहंकारी तथा ठग कभी गुरु नहीं बन सकता।

# कलायत के प्राचीन कपिल मुनि सरोवर में अब स्वच्छ जल भरा जाएगा

- ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले प्राचीन तीर्थ के संरक्षण की ओर कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

हरियाणा के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले प्राचीन कपिल मुनि तीर्थ के संरक्षण और सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब तीर्थ सरोवर में सिंचाई विभाग की माइनर से स्वच्छ जल का भराव किया जाएगा। इस पहल से न केवल तीर्थ की पवित्रता कायमा होगी बल्कि भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को भी स्वच्छ एवं निर्मल जल में स्नान का सौभाग्य प्राप्त होगा। श्री कपिल मुनि तीर्थ कमेटी ने जनसहयोग से विशेष अभियान चलाकर माइनर से आने वाले जल मार्ग की सफाई करवाई है। साथ ही उन सभी अवैध कनेक्शनों और रास्तों को बंद कराया गया जिनके माध्यम से सीवर का गंदा पानी स्वच्छ जल की लाइन में मिल रहा था। इसके अतिरिक्त सरोवर से गंदे पानी की निकासी, जंगली वनस्पतियों की सफाई और जल प्रवाह के मार्ग को भी सुगम बनाया गया। इससे स्वच्छ जल का नियमित भराव संभव हो सकेगा।

#### सफाई अभियान हुआ तेज

**सूचना**

मैं, श्रीमति बिमला देवी पत्नी श्री किताब सिंह निवासी रामनगर कॉलोनी, रोहतक रोड, जिला जींद, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र विनोद व पुत्रवधु सरिता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार जीन्द।**

**सन्दीप पुत्र श्री नफे सिंह निवासी ओम नगर, अमरहेडी रोड, जीन्द जिला जीन्द।**

**बनाम**

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मुझ प्रार्थी की माता स्व श्रीमति संतोष पत्नी नफे सिंह का देहांत दिनांकः 16/12/2024 को हो चुका है। जो कि मुझ प्रार्थी की माता के देहांत के पश्चात कुल 4 लिगल वारिस है। जो कि इस प्रकार से हैः-

1. नफे सिंह पति 2. सन्दीप पुत्र 3. मन्दीप पुत्र 4. सुमन पुत्री स्व. श्रीमति संतोष पत्नी नफे सिंह हैं।

इनके अलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध मे प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो व स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिनों के अन्दर अन्दर इस कार्यलय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 14/07/26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार जीन्द।

---

### प्यारी बेटी मुहिम के तहत विशेष न्यूज लेटर का डीसी ने किया विमोचन

# बेटियों की जागरूकता व सामुदायिक भागीदारी से बदलेगी समाज की सोच

*20 ग्राम पंचायत से बेटियों की प्रेरणादायी रचनाओं को किया शामिल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। विशेष न्यूज लेटर का विमोचन करती डीसी अपराजिता। फोटो : हरिभूमि

जिले में लिंगानुपात में सुधार लाने, बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने तथा समाज में उनके प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश से डीसी अपराजिता द्वारा शुरू की गई अभिनव पहल प्यारी बेटी के तहत विशेष न्यूज लेटर प्रकाशित किया गया है। इसका विमोचन मंगलवार को डीसी अपराजिता ने किया। डीसी ने कहा कि प्यारी बेटी केवल एक सम्मान कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव लाने का व्यापक अभियान है। इस अभियान के तहत स्थानीय स्तर पर प्रतिभाशाली बेटियों को पहचान देकर उन्हें गांव की रोल मॉडल बनाया है, ताकि अन्य बेटियां भी उनसे प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ सकें। क्योंकि बेटियों के सम्मान, जागरूकता तथा सामुदायिक भागीदारी से समाज की सोच बदलेगी। उन्होंने बताया कि इस विशेष न्यूज लेटर में जिले के 10 सर्वाधिक तथा 10 सबसे कम बाल लिंगानुपात वाले कुल 20 गांवों की बेटियों को स्थान दिया गया है। इन बेटियों ने अपने लेख, उपलब्धियां, अनुभव और अपनी रचनात्मक विचार साझा किए हैं। किसी ने शिक्षा और खेलों में अपनी सफलता की कहानी लिखी है, किसी ने पेंटिंग के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई है तो किसी ने पहलवानी पर कविता लिखकर अपनी सोच और हुनर को प्रस्तुत किया है। डीसी अपराजिता ने कहा कि प्रकाशित न्यूज लेटर को मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और विभिन्न स्तरों के अधिकारियों तक भी भेजा जाएगा, ताकि जिले की बेटियों की उपलब्धियां व्यापक स्तर पर पहुंच सकें।

#### अच्छा मंच प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता

डीसी अपराजिता ने उपस्थित सरपंचों, अभिभावकों से आह्वान किया कि वे बेटा-बेटी में किसी प्रकार का भेदभाव न करें। बेटियों को शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। बेटियां भी किसी से कम नहीं हैं और उनकी प्रतिभा को अच्छा मंच प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या को घोर सामाजिक अपराध बताते हुए कहा कि यदि किसी को इस प्रकार की गतिविधि की जानकारी मिले तो वह बिना किसी डर के गुप्त रूप से प्रशासन को सूचना दे। दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। समाज की सोच बदलकर ही कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है।

खबर संक्षेप

## बाइक चोरी करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने अदालत परिसर से बाइक चोरी करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने बाइक भी बरामद की है। सिविल लाइन थाना प्रभारी पीएसआई आशीष कुमार ने बताया कि जलालपुर खुर्द गांव निवासी सहदेव 24 जुलाई को किसी कार्य से अदालत में आया था। उसने यहां अपनी बाइक खड़ी की और अदालत में किसी काम से अंदर चला गया। कुछ समय बाद जब वह वापस आया तो उसकी बाइक गायब मिली।

## दूसेरपुर गांव में तालाब जीर्णोद्धार का निरीक्षण

**गुहला-चीका।** एसडीएम मनीष कुमार यादव ने दूसेरपुर गांव में तालाब जीर्णोद्धार कार्य का किया निरीक्षण एसडीएम मनीष कुमार यादव ने मंगलवार को ग्राम दूसेरपुर में चल रहे तालाब जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता तथा निर्माण कार्य में अपनाए जा रहे मानकों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तालाब जीर्णोद्धार का कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

## अत्री आज करेंगे नीट के मेधावियों का सम्मान

**उचाना।** उचाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह 29 जुलाई को सुबह 11 बजे चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में आयोजित होगा। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की तरफ से सबको सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व और कठिन परिश्रम से सफलता प्राप्त करने का संदेश देंगे।

## घर से चोरी मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** भगवान नगर के एक मकान में चोरी के दो आरोपितों को रोहतक रोड चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों से कुछ जेवरात व 35 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। आरोपितों से चोरी का पूरा सामान बरामद नहीं होने पर उनको अदालत में पेश किया। अदालत ने एक दिन के रिमांड पर भेजने के निर्देश दिए। शहर थाना प्रभारी यादविंदर ने बताया कि 19 जुलाई को भगवान नगर निवासी सौरभ ने रोहतक रोड पुलिस चौकी में शिकायत देकर कहा था कि वह परिवार समेत बाहर गया हुआ था।

## आज लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक

**कैथल।** जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन 29 जुलाई को प्रात 9 बजे आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में किया जाएगा। इस बैठक में हरियाणा के कृषि एवं कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य मंत्री श्री श्याम सिंह राणा लोगों की समस्याएं सुनेंगे और मौके पर ही समाधान करेंगे। इसलिए सभी अधिकारी निर्धारित समय पर बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करें।

### चयनित अभ्यर्थी 31 तक जमा कराएं मूल दस्तावेज

# आईटीआई में दाखिले के लिए दूसरी मेरिट लिस्ट हुई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया विभागीय नियमानुसार जारी है। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत विभाग द्वारा दूसरी मेरिट सूची जारी कर दी गई है। दूसरी मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों को 31 जुलाई तक अपने मूल दस्तावेजों के साथ संस्थान में उपस्थित होकर भौतिक सत्यापन एवं प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। आईटीआई के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों का नाम प्रथम मेरिट सूची में शामिल नही हो पाया था, वे विभाग द्वारा जारी दूसरी मेरिट सूची अवश्य देखें तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संस्थान शनिवार को भी खुला रहेगा ताकि सभी चयनित अभ्यर्थी समय पर दस्तावेजों का सत्यापन कराकर प्रवेश ले सकें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष संस्थान के 21 विभिन्न व्यवसायों (ट्रेडों) में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का उत्साह उल्लेखनीय रहा है। अनेक ट्रेडों में मेरिट काफी ऊंची रही है। युवाओं का कौशल आधारित तकनीकी शिक्षा की ओर रुझान लगातार बढ़ रहा है। संस्थान में कई ट्रेडों की अधिकतम मेरिट 104.4 प्रतिशत से अधिक रही। जबकि न्यूनतम मेरिट 46.2 प्रतिशत तक दर्ज की गई। कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा), इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, स्टेनोग्राफर एंड सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (अंग्रेजी) तथा सिलाई टेक्नोलॉजी जैसे ट्रेडों में अधिक प्रतिस्पर्धा रही।

**कई ट्रेडों की अधिकतम मेरिट 104 .4 प्रतिशत से अधिक रही**


जींद। आईटीआई में दाखिला लेने आए छात्र। फोटो : हरिभूमि

### ऐसी रही विभिन्न ट्रेडों की मेरिट

दूसरी मेरिट सूची के अनुसार विभिन्न ट्रेडों की अधिकतम एवं न्यूनतम मेरिट इलेक्ट्रिशियन 104.4 प्रतिशत से 78.8 प्रतिशत, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट 101 प्रतिशत से 70.8 प्रतिशत, वायरमैन 91.6 प्रतिशत से 75.4 प्रतिशत, फिटर 84.4 से 68.2 प्रतिशत, मैकेनिक डीजल 87.8 से 55.8 प्रतिशत, रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग टेक्नीशियन 83.6 से 73.8 प्रतिशत, स्टेनोग्राफर एंड सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (अंग्रेजी) 94.6 से 70.8 प्रतिशत, इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक 93.4 से 63.2 प्रतिशत, मैकेनिक (मोटर व्हीकल) 81.6 से 70 प्रतिशत, प्लंबर 78.4 से 54.4 प्रतिशत, ड्राफ्ट्समैन (सिविल) 87.6 से 76.4 प्रतिशत, मशीनिस्ट 78.6 से 50 प्रतिशत, टर्नर 75.4 से 62 प्रतिशत, ड्राफ्ट्समैन (मैकेनिकल) 79.2 से 53.4 प्रतिशत, वेल्डर ड्यूल 81.6 से 60.6 प्रतिशत, मैकेनिक (ट्रैक्टर) 68.4 से 51.2 प्रतिशत, टेक्नीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम 74.4 से 57.4 प्रतिशत, ड्रेस मेकिंग 80.2 से 46.2 प्रतिशत, मैकेनिक डीजल ड्यूल 70.6 से 56.2 प्रतिशत, वुड वर्क टेक्नीशियन 67.6 से 52.6 प्रतिशत तथा सिलाई टेक्नोलॉजी 101.6 से 56 प्रतिशत रही। प्रधानाचार्य ने सभी चयनित अभ्यर्थियों से अपील की कि वे निर्धारित तिथि से पूर्व सभी आवश्यक मूल प्रमाण पत्र एवं दस्तावेजों के साथ संस्थान में उपस्थित होकर भौतिक सत्यापन एवं प्रवेश प्रक्रिया समय पर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि समय सीमा के बाद प्रवेश का अवसर उपलब्ध नहीं होगा। इसलिए अभ्यर्थी अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना शीघ्र प्रवेश प्रक्रिया पूरी करें।

### 31 जुलाई तक होगी काउंसलिंग, 1 अगस्त तक जमा होगी फीस

# आईटीआई : दूसरी सीट अलाटमेंट सूची जारी, 292 सीटें हुईं आवंटित

> इलेक्ट्रिशियन की कटऑफ फिर पहुंची 105 अंक तक, राजकीय आईटीआई कैथल में 292 सीटें हुईं अलॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा मंगलवार को आईटीआई दाखिले के लिए दूसरी सीट अलाटमेंट कम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। दूसरी सूची में भी इलेक्ट्रिशियन ट्रेड की लोकप्रियता बरकरार रही और इसकी कटऑफ फिर से 105 प्रतिशत तक पहुंच गई। वहीं कम अंकों की उम्मीद लगाए बैठे अनेक अभ्यर्थियों का नाम सूची में शामिल नहीं होने से उनके चेहरे मायूस नजर आए। दूसरी सीट अलाटमेंट सूची के अनुसार चयनित अभ्यर्थी 31 जुलाई तक संबंधित आईटीआई में दस्तावेजों का सत्यापन एवं काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी करवा सकेंगे। इसके बाद उन्हें 1 अगस्त तक ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित फीस जमा करवानी होगी। निर्धारित समयावधि में फीस जमा नहीं करवाने वाले अभ्यर्थियों की सीट स्वतः निरस्त मानी जाएगी और आगामी सीट अलाटमेंट प्रक्रिया में रिक्त सीटों को शामिल किया जाएगा। राजकीय आईटीआई कैथल के दाखिला इंचार्ज सतीश सैनी ने बताया कि दूसरी सीट अलाटमेंट के तहत कुल 292 सीटें विभिन्न ट्रेडों में आवंटित की गई हैं। इनमें इलेक्ट्रिशियन, वायरमैन, फिटर, मोटर मैकेनिक, कोपा, स्टेनोग्राफी अन्य तकनीकी एवं गैर-तकनीकी ट्रेड शामिल हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से समय पर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ काउंसलिंग में पहुंचने और निर्धारित तिथि तक फीस जमा करवाने की अपील की।


कैथल। राजकीय आईटीआई की दाखिला कमेटी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में सबसे अधिक प्रतिस्पर्धा

विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष भी इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में सबसे अधिक प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार की बेहतर संभावनाओं तथा अप्रेंटिसशिप के अधिक अवसर मिलने के कारण अधिकांश अभ्यर्थी इसी ट्रेड को पहली पसंद बना रहे हैं। यही कारण है कि दूसरी सूची में भी इसकी कटऑफ 105 अंकों तक बनी हुई है। पहली सीट अलाटमेंट सूची में चयनित नहीं हो सके अभ्यर्थियों को दूसरी सूची से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन सीमित सीटों और अधिक आवेदनों के चलते बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को इस बार भी निराशा हाथ लगी।

### यूं रही मेरिट

| कोर्स का नाम | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| विद्युतकार | 105 | 101 |
| वायरमैन | 98.2 | 97 |
| कोपा. | 102 | 96.2 |
| वैल्डर | 83.2 | 68.2 |
| डीएमएम | 80.8 | 68.8 |
| एसएसए अंग्रेजी | 93.6 | 86 |
| एमएमवी | 77 | 68 |
| एसएसएए हिंदी | 93.4 | 68 |
| फीटर | 94 | 81 |

### समय रहते पूरी करें प्रक्रिया

राजकीय आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने बताया कि मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थी अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते दस्तावेज सत्यापन तथा फीस जमा कराने की प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि उनकी सीट सुरक्षित रहे। अभ्यर्थी 31 जुलाई से पूर्व काउंसलिंग करवाएं।



कैथल। जिला आयुक्त कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते कर्मचारी।

## सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर जिला पालिका आयुक्त कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ कैथल द्वारा नगर परिषद कैथल में अपनी मांगों को लेकर जिला पालिका आयुक्त कार्यालय के सामने धरना देकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान की संचालन ब्लॉक सचिव विक्कीटाँक ने किया। ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान व विक्की टांक ने कहा की नगर परिषद कैथल मे 8-10 वर्षो से 165 ठेकेदार के सफाई कर्मचारी का 8 - 9 हजार रूपए मे इस बढ़ती महंगाई मे अपना व आपने परिवार का मुश्किल से गुजर बसर कर रहे है। 4 महिने से वेतन न मिलने के कारण परिवार सहित भूखा मरने के कगार पर आ गए हैं। धरना-प्रदर्शन मे महेंद्र बिड़लान, विक्की टांक, जिला प्रधान गौरव टाँक, कैशियर जगदीश कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान राज कुमार मंचल, उपप्रधान पंकज गिल, सुखा नौच, अमित कुमार जालन्धरी, सुमेश राणा, मुकेश कुमार, शीशपाल ,सूरज सहोत्रा, प्रैस सचिव अमित कुमार क्योड़क, विक्की बेदी, देश राज चोहान उपस्थित रहे।

## राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई खंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चीका में खंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डीइइओ-कम-प्रधानाचार्य डाइट कैथल प्रमोद राणा तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से हुआ। युवा संसद प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था, संसदीय परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों से व्यावहारिक रूप से परिचित करवाना है। प्रतियोगिता में विद्यालय की लगभग 48 छात्राओं ने उत्साह, अनुशासन एवं गंभीरता के साथ भाग लेते हुए संसदीय कार्यवाही का जीवंत मंचन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी इतिहास प्रवक्ता सिमरनजीत सिंह रहे। पर्यवेक्षक के रूप में डाइट कैथल के मनोविज्ञान प्रवक्ता पवन कुमार तथा निर्णायक के रूप में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भूना के अनिल कुमार उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने महंगाई, पेट्रोल में एथेनॉल के मिश्रण, खाद्य सुरक्षा, परीक्षाओं में पारदर्शिता बढ़ाने जैसे विषयों पर विचार रखे।


गुहलाचीका। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी छात्राएं एवं विद्यालय स्टाफ के सदस्य।

## सीआरएसयू की छात्रा तनु को सीएम ने लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की छात्रा तनु को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हरियाणा वन विभाग द्वारा पिंजौर स्थित एचएमटी सेब मंडी में आयोजित युवा संवाद एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। राज्यस्तरीय इस कार्यक्रम में हरियाणा के लगभग 21 विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से चयनित 210 मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्र व छात्राओं ने सहभागिता की। इनमें से केवल दो विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण तथा प्रेरणादायी व्यक्तित्व के आधार पर इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चयनित किया गया। अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि उन दो सम्मानित विद्यार्थियों में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद की छात्रा तनु का नाम शामिल रहा।



जींद। तनु को सम्मानित करते हुए।

## करोड़ा में श्री सिद्ध बाबा रामनाथ गायत्री यज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने डाली आहुति

- आज पूर्णाहुति के साथ होगा यज्ञ का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गांव करोड़ा स्थित डेरा श्री सिद्ध बाबा रामनाथ में आयोजित 5 दिवसीय श्री सिद्ध बाबा रामनाथ गायत्री यज्ञ में आज सैंकड़ों श्रद्घालुओं ने भाग लेकर आहुति अर्पित की और कल 29 जुलाई को यज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन होगा। धार्मिक आस्था और वैदिक परंपरा के अनुरूप आयोजित इस अनुष्ठान में क्षेत्रभर से श्रद्धालु लगातार पहुंच रहे हैं। गुरु पूर्णिमा के दिन विशेष हवन, पूर्णाहुति तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महंत बाबा खुशीनाथ जी ने बताया कि यज्ञ के अंतिम दिन प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन किया जाएगा, जिसके बाद श्रद्धालु पूर्णाहुति में भाग लेंगे। दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा शुरू होगा, जिसमें आसपास के गांवों सहित दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है।


पूंडरी। गांव करोड़ा स्थित डेरे में आयोजित हवन में भाग लेते श्रद्धालु।

## नशीली गोलियों के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कैथल।** थाना चीका पुलिस ने एक नशा तस्कर को काबू कर उसके कब्जे से 70 प्रतिबंधित बुप्रेनोरफिन टैबलेट तथा 333 ग्राम नशीला मिश्रण बरामद किया है। आरोपी नशे के इंजेक्शन तैयार कर बेचने का अवैध कारोबार करता था। डीएसपी बीरभान ने बताया कि थाना चीका एसएचओ एसआई प्रवीण कुमार की अगुवाई में पीएसआई नवनीत कुमार गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि तरुण निवासी सीवन प्रतिबंधित बुप्रेनोफिने गोलियों तथा उनके नशीले घोल का अवैध कारोबार करता है और सिल्वर कॉलोनी चीका क्षेत्र में मादक पदार्थ सहित मौजूद है। पुलिस ने सिल्वर कॉलोनी में दबिश दी। मौके पर पुलिस को देखकर एक युवक तेजी से जाने लगा, जिसे पुलिस ने काबू कर लिया।

## किसानों की समस्याओं पर राजनीति नहीं समाधान होना चाहिए : गुरमीत बुच्ची

- किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिलना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन एवं गांव बुच्ची के पूर्व सरपंच गुरमीत सिंह बुच्ची ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं का समाधान बातचीत एवं आपसी सहमति से होना चाहिए। उन्होंने हाल ही में किसानों और केंद्र सरकार के बीच प्रस्तावित वार्ता को सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि संवाद से ही किसानों के हितों की रक्षा और कृषि क्षेत्र को मजबूती मिल सकती है। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर फसल का उचित मूल्य, सिंचाई की बेहतर व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद और कृषि से जुड़ी योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिलना चाहिए। खेती लगातार महंगी होती जा रही है, इसलिए किसानों की आय बढ़ाने के लिए व्यावहारिक और प्रभावी नीतियां लागू करना समय की आवश्यकता है। गुरमीत सिंह बुच्ची ने कहा कि हरियाणा का किसान हमेशा देश के अन्न भंडार को भरने में अग्रणी रहा है। ऐसे में किसानों की मेहनत का सम्मान करना प्रत्येक सरकार और समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार और किसान संगठनों के बीच बेहतर समन्वय से ही कृषि क्षेत्र में स्थायी सुधार संभव है और इससे किसानों का विश्वास भी मजबूत होगा।


पूंडरी। अपने विचार व्यक्त करते ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन एवं पूर्व सरपंच गुरमीत सिंह बुच्ची।

## विद्यार्थियों के हित में एबीवीपी ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विद्यार्थियों की विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रवेश संबंधी समस्याओं को लेकर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के प्रवेश पोर्टल पुनः खोलने, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए द्वितीय काउंसलिंग आयोजित करने, एमबीए एवं एमकॉम लेटरल एंट्री की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या बढ़ाने की मांग की। एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने कहा कि वर्तमान प्रवेश प्रक्रिया के दौरान अनेक विद्यार्थी तकनीकी खामियोंए दस्तावेजों की कमीए परीक्षा परिणाम देर से घोषित होने अथवा अन्य अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण निर्धारित समय पर प्रवेश नहीं ले पाए। इसके चलते कई विद्यार्थी प्रवेश से वंचित रह गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन एक बार फिर प्रवेश पोर्टल खोलता है तो इन विद्यार्थियों को अपना शैक्षणिक सत्र बचाने का अवसर मिल सकता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### स्वर्ण पदक विजेताओं ने राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए किया क्वालीफाई

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 100 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

> राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में हुई कराटे प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

हरियाणा विद्यालय खेलों के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में मंगलवार को जिला स्तरीय स्कूली कराटे प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से करीब 100 खिलाड़ियों ने भाग लेकर दमदार प्रदर्शन किया। विभिन्न आयु एवं भार वर्गों में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने आगामी राज्य स्तरीय स्कूली कराटे प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता एवं समग्र संचालन टूर्नामेंट संयोजक नरेश बनवाला ने किया। उनके नेतृत्व में प्रतियोगिता शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुई। प्रतियोगिता के सफल संचालन में कोच विकास ढलवाल ने मुख्य भूमिका निभाई। इसके अलावा कोच कृष्ण कैथल, प्रवीण कलायत, दीपक कैथल, हेमा पूंडरी सहित अन्य प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालक वर्ग के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। अंडर-14 वर्ग में डीएवी पुंडरी के खिलाड़ियों ने कई भार वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, जबकि कलायत, कैथल और पुंडरी के अन्य विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।


पूंडरी। खेल का प्रदर्शन करते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना

आयोजकों ने बताया कि सभी स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय स्कूली कराटे प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रतियोगिता का दूसरा दिन 29 जुलाई को बालिका वर्ग के मुकाबलों के लिए निर्धारित है। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को सुबह 9 बजे प्रतियोगिता स्थल पर रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं जिले में कराटे खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## स्कूली खेलकूद स्पर्धा में 3000 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

**कैथल।** जिला खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर खेल सचिव मामचंद (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बलवंती), प्रवीण थरेजा, एईओ रमेश चहल, कुलदीप तथा जिला प्रधान विजेंद्र बेरवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रमोद राणा ने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और ईमानदारी के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आयोजन समिति की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना की।